

# चंपत राय पर एफआईआर की मांग





> दिग्विजय सिंह ने सीएम मोहन यादव पर लगाए अवैध रेत खनन के गंभीर आरोप

**बड़वानी, ( नवभारत )।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सोमवार को जिले के ग्राम तलून में आयोजित खाटू श्याम मंदिर के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने अयोध्या राम मंदिर और प्रदेश की वर्तमान सरकार को लेकर कई तीखे हमले किए।

दिग्विजय सिंह ने अयोध्या के राम मंदिर में हुई कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले को लेकर चंपत राय और मिश्रा के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने भाजपा, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोग भगवान राम के घर में हुई लूट को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिंह ने बताया कि उन्होंने स्वयं मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया है और न्याय के लिए वे अदालत का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं।

नर्मदा किनारे धड़ल्ले से चल रहे अवैध रेत खनन को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।

उन्होंने दावा किया कि सरदार सरोवर परियोजना के डूब क्षेत्र (बड़दा गांव) की रेत खदान से स्थानीय मजदूरों को मारपीट कर खदेड़ दिया गया है और अब वहां मुख्यमंत्री के करीबी एक प्रभावशाली व्यक्ति का कब्जा है। हाल ही में यहां रेत धंसने से एक व्यक्ति की मौत भी हुई थी, फिर भी खनिज विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

> **मुख्यमंत्री मोहन यादव पर तीखे हमले**
> पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर परिवारवाद और अवैध खनन को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव ने अपने परिवार और उनकी रियल एस्टेट कंपनियों को बड़े पैमाने पर जमीनों के कारोबार में उतार दिया है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नानेश चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, विधायक राजन मंडलोई और सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शरीफ सदर मनोनित, किया स्वागत

**पानसेमल।** मोयदा आम मुस्लिम जमात के नए सदर शरीफ बाबा, उप सदर समीर का स्वागत ग्रापं मोयदा के सरपंच प्रतिनिधि ताराचंद मकवाने, चेतराम ने किया। इस अवसर पर पप्पु राठौर, राकेश मकवाने, दंदू मोरे, आरिफ भूरिया, बाबू, अनवर, आरिफ, फारूक खान, इमरान, साबू, सिकंदर, आमिर, शहजाद, आशिक व अन्य मौजूद रहे। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा समाज हित में निरन्तर कार्य करने की इच्छा जाहिर की है।



# सायबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**बड़वानी, ( नवभारत )।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में 8 जुलाई तक व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 29 जून को सेंट मेरी हासे स्कूल में साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता शिविर लगाया।

साइबर एक्सपर्ट रितेश खत्री ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों की कम जानकारी का फायदा उठाकर उन्हें डराने, झूठे प्रलोभन देने या रातों-रात अमीर बनने का लालच देकर ठगी करते हैं। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय 1930 साइबर हैल्पलाईन पर कॉल करें या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के पीआरओ असद खान, काउंसलर अनीता चोयल, आरक्षक कमल, मडिया, पुरुषोत्तम, विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक आदि मौजूद रहे।

> **थाना प्रभारी ने किया आव्हान**
> थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। सोशल मीडिया का सीमित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करते हुए मोबाईल से उचित दूरी बनाकर पढ़ाई, कौशल विकास एवं उज्वल भविष्य के निर्माण पर ध्यान देने का आह्वान किया।

### एक नजर में

## अमन नगर में आपसी सौहार्द के साथ हुआ लंगर



**बड़वानी।** शहर के डीआरपी लाइन स्थित अमन नगर में हर साल की तरह इस वर्ष भी मोहर्रम के मुबारक मौके पर भव्य लंगर का आयोजन हुआ। अब्दुल हफीज मुल्तानी द्वारा पिछले 7 वर्षों से लगातार इस रवायत को पूरी अकीदत और उत्साह के साथ निभाया जा रहा है। इस रूहानी और सामाजिक आयोजन में आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम में समाज के मो बिलाल मुल्तानी, अब्दुल हकीम मुल्तानी, महमूद मुल्तानी, अब्दुल जब्बार और तेली महमूद खत्री सहित मोहल्ले के तमाम समाजजनों ने अपना सराहनीय सहयोग दिया। लंगर में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और स्थानीय नागरिकों ने शिरकत कर नियाज़ (प्रसाद ग्रहण) किया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन समाज में शांति, अमन-चैन और एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

# महिलाओं ने रखा वट सावित्री पूर्णिमा का व्रत

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर में सोमवार को वट सावित्री पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया। सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए निराहार व्रत रखा।

सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर पूजन सामग्री के साथ मंदिरों और चौराहों पर स्थित पीपल व बरगद के वृक्षों के पास पहुंची। वृक्ष की कुमकुम, अक्षत और पुष्पों से पूजा-अर्चना की और तने पर सूत का धागा लपेटकर परिक्रमा की। महिलाओं ने वट सावित्री की कथा सुनी और बड़ों का आशीर्वाद लेकर अखंड सौभाग्य की कामना की।

वहीं दूसरी ओर पानसेमल में वट सावित्री पूर्णिमा पर पति की लंबी उम्र की एवं परिवार की कुशल कामना के साथ महिलाओं ने वट सावित्री व्रत के दौरान पुजन किया। महिलाओं ने बताया कि महिलाओं की गोद भर कर आम का फल एवं सुहाग की सामग्री दी जाती है। व्रत में सावित्री एवं सत्यवान की कथा का वाचन कर वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद लिया जाता है। कुछ परिवारों ने अपनी विधि अनुसार भी पुजन किया। नगर के गायत्री मंदिर, शिव टेकड़ी, दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर महिलाओं ने पुजन किया। स्थानीय गायत्री मंदिर के निकट महिलाओं ने बताया कि इस दिन पूजा-पाठ करने का विशेष महत्व है। महिलाएं सुहाग के जोड़े में विधि-विधान से आराधना करती हैं। दिन भर हल्की बूंदा-बांदी दिन भर चलती रही।



# उत्कृष्ट बालक विद्यालय की प्राचार्य सेवानिवृत्त

> स्टॉफ और शुभचिंतकों ने की दीर्घायु की कामना



**पानसेमल, ( नवभारत )।** शाउ बाउमावि द्वारिका आर्य आज सेवानिवृत्त होंगी। विद्यालय स्टॉफ ने दीर्घायु की कामना की कर शुभकामनाएं दी। द्वारिका शिवजी आर्य ने नर्सरी से 11वीं तक की शिक्षा कस्तुरबा वनवासी आश्रम निवाली से ली। उच्च शिक्षा कस्तुरबा ग्राम इंदौर में ग्रहण की। कृषक परिवार में जन्मी आर्य को माता-पिता ने शिक्षा दिक्षा, संस्कारवान एवं आत्मसम्मान से जीवन जीने की प्रेरणा दी।

प्रथम नियुक्ति अगस्त 1987 में शाकन्या आश्रम दोंदवाडा में उच्च श्रेणी के पद पर हुई। पदोन्नति के साथ प्रधान पाठिका के पद पर शा कन्या उमावि खेतिया में सेवाएं दी। शा कन्या उमावि पानसेमल में व्याख्याता के पद पर रहे। प्राचार्य के पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त हो रहे हैं। परिवार में 3 पुत्रियां एवं एक पुत्र है। दो पुत्रियां एमबीबीएस कर चिकित्सा अधिकारी एवं एक पुत्री शिक्षिका है। पुत्र भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहा है। इनके पति शिवजी अलग-अलग स्थानों पर सीएमओ के पद पर लम्बे समय से सेवा देते हुए हुडा (जिला शहरी विकास अभिकरण बड़वानी) संचालक पद से पूर्व से (माह जुलाई में) सेवानिवृत्त हुए है।

## शिक्षक संतोष शितोले सेवानिवृत



**निवाली।** नगर से 7 किमी दूर ग्राम फुलज्वारी के एकीकृत शासकीय मावि में 1998 में पदस्थ शिक्षक 29 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत हो रहे है। बताया जाता है कि पेरेलेसेस होने के बाउजूद भी शितोले ने हार नहीं मानी कोरोना काल में भी कंटेंट मेट जैसे जोखिम भरी समय में कॉन्टेंट मेट एरिए में जीवटी भी की। उन्हें जो भी चुनौतियां मिल सभी को पूरी निष्ठा से हासिल किया है। वहीं 5वर्ष से अधिक शिक्षक विहीन शाला को भी संचालित कर 100 प्रतिशत रिजल्ट निकाला है। इसे अनेकों कार्य शिक्षक संतोष शितोले द्वारा अपने सेवा काल में किए गए है।

### एक नजर में

## नि :शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर संपन्न



**इंदौर.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति भवन, न्यू पलासिया में ट्रूविस्टा आई हॉस्पिटल, इंदौर के सहयोग एवं राजयोगिनी बीके आरती दीदी के पावन सानिध्य में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई. ट्रूविस्टा आई हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चंचल अग्रवाल ने मरीजों की गहन जांच कर उन्हें आंखों की देखभाल एवं उपचार संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किए. शिविर में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा (कांचबिंद), रेटिना, बच्चों की आंखों सहित विभिन्न नेत्र रोगों की जांच की गई. जांच के दौरान चयनित मोतियाबिंद मरीजों को नि :शुल्क सर्जरी के लिए चयनित किया गया. ऑपरेशन के बाद आवश्यक दवाइयां भी नि :शुल्क उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई. इस अवसर पर डॉक्टरों ने नियमित नेत्र परीक्षण कराने एवं आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. शिविर के सफल आयोजन में ब्रह्माकुमारीज परिवार एवं ट्रूविशा आई हॉस्पिटल की टीम का विशेष सहयोग रहा. जिला जज विनोद शर्मा, बीके नारायण भाई ने भी शुभकामनाएं दी. बीके रेवती दीदी ने पुरी टीम को ईश्वरीय सौगात दी एवं उनका सम्मान किया.

## नेटफ्लिक्स पर लॉकअप- सच या सजा

**इंदौर.** नेटफ्लिक्स की कैप्टिव रियलिटी सीरीज लॉकअप- सच या सजा का प्रीमियर हुआ. इनमेट्स अपनी सैल्स में पहुँचे ही थे कि शो में अब तक के सबसे हैरतअंगेज सीक्रेट का खुलासा हुआ. अपने इंट्रो में आकांक्षा चमोला से, जो श्रेया कालरा और श्रेष्ठ अय्यर की सैलमेट बनी हैं, से अपना ऐसा सीक्रेट बताने को कहा गया, जो कोई नहीं जानता है. इसके बाद उन्होंने ऐसा कन्फेशन किया, जिसने न केवल उनके इनमेट्स को चौंका दिया, बल्कि उसे सुनकर जेलर फराह खान और रितेश देशमुख भी भौंचक्के रह गए. पहले दिन की यह हैरतअंगेज शुरुआत थी. लेकिन ड्रामा तो अभी शुरू ही हुआ है. लॉकअप- सच या सजा में हर इनमेट का कोई न कोई सीक्रेट है. हर सच की अपनी कीमत है और हर खुलासा गेम को बदलने की ताकत रखता है. लॉक अप- सच या सजा नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है. इसके नए एपिसोड हर शनिवार से बुधवार रात 8 बजे उपलब्ध होंगे.

## अयोध्या-वृंदावन से आए संतों का सम्मान

**इंदौर.** रघुनाथपुरम स्थित श्री सीता सर्वेश्वर राम मंदिर में रविवार को अयोध्या एवं वृंदावन से पधारे संतों का श्रद्धा और सम्मान के साथ अभिनंदन किया. इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा. ट्रस्ट के अध्यक्ष जानकी बल्लभ दास महाराज एवं अशोक बीदासरिया ने महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज के पावन सानिध्य में संतों का हार-फूलमालाओं से स्वागत किया तथा शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया. कार्यक्रम के दौरान भगवान सीता सर्वेश्वर राम दरबार का विशेष एवं मनोहारी श्रृंगार भी किया.



# स्वास्थ्य, रोजगार और सहकारिता को मिली नई गति

> जिले में तीन महत्वपूर्ण अभियान रहे केंद्र में

**आलीराजपुर । जिले में सोमवार को स्वास्थ्य, रोजगार और सहकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित हुई। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान ने दो दिनों में 81 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया, युवा संगम मेले में 21 युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, वहीं सहकारी सप्ताह का शुभारंभ सहकारिता शपथ के साथ किया गया। इन आयोजनों ने जनकल्याण और विकास के प्रति प्रशासन की सक्रियता को रेखांकित किया।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 1,18,448 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। अंतिम दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर शेष बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।



> औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित युवा संगम मेले में 57 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 21 युवाओं का प्रारंभिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देकर युवाओं को प्रेरित किया गया। वहीं, जिले में 29 जून से 5 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सहकारिता शपथ दिलाकर किया। सप्ताहभर सहकारिता विभाग द्वारा जनजागरूकता, नए सदस्य जोड़ने, ऋण वितरण एवं विभिन्न सहकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



## इंदौर संभागीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इंदौर.** गरिमा विद्या विहार में इंदौर मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा आयोजित इंदौर संभागीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्व खेलों की रजत पदक विजेता कुमारी नम्रता संजय बत्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.

गरिमा विद्या विहार के प्राचार्य माधव मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर इंदौर संभाग के समन्वयक मुगीस खान, श्रीकांत अटवल, सोनू जाटव, हार्दिक शर्मा, हिमांशु खत्री एवं वैभव रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे. प्रतियोगिता के पी-वी ग्रुप में आरव लश्करी एवं कियान सिंह जाटव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. वहीं, धैर्य जैन, वाणी शर्मा, आराध्या अग्रवाल एवं कुंदन पटेल ने रजत पदक प्राप्त किया. कांस्य पदक विजेताओं में मोहम्मद अली चौहान एवं अवनी सेन शामिल रहे.

प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार एवं आयोजकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं.

## अमरनाथ यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत रेनकोट किट भेंट

**आलीराजपुर।** पवित्र अमरनाथ यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं का टॉकीज चौराहा स्थित कार्यालय पर आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर यात्रियों को पर्वतीय यात्रा और बारिश को ध्यान में रखते हुए रेनकोट किट भी भेंट की गई। महेश पटेल ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि धर्म और समाज की सेवा हमारी संस्कृति की पहचान है। कार्यक्रम के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने आत्मीय सम्मान और सहयोग के लिए महेश पटेल एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा

**इन्दौर.** अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर परिचर्चा आयोजित कर शहर में, नशा मुक्ति के क्षेत्र में सेवा कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा. युनिवर्सल पीस एंड सोशल डेवलपमेंट सोसायटी तथा चन्दा सोशल सर्विस आर्गनाइजेशन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर अभिनव कला समाज सभागृह में 29 जून की शाम 5 बजे नशा मुक्त भारत स्वस्थ मन, परिवार व समाज परिचर्चा रखीं गई है. कार्यक्रम एवं समन्वय समिति के संयोजक डॉ रामगुलाम राजदान, चेयरमैन डॉ अनिल भंडारी तथा सचिव शफी मो शेख ने बताया कि शहर में युवाओं में तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए,

## पौष्टिक आहार अपनाएं, प्रतिदिन 40 मिनट व्यायाम करें

**इंदौर.** स्वस्थ हृदय के लिए सबसे पहले मानसिक शांति आवश्यक है. प्रत्येक व्यक्ति को हर प्रकार के व्यसन से दूर रहना चाहिए तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाना चाहिए. नियमित रूप से प्रतिदिन 40 से 50 मिनट व्यायाम को भी अपनी आदत में शामिल कर लें तो व्यक्ति को कभी चिकित्सकों के पास जाने की जरूरत बहुत कम रह जाएगी और हमारा हृदय लंबे समय तक स्वस्थ बना रहेगा. ये विचार हैं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत रावत के, जो उन्होंने साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में श्यामदास जगन्नाथ ट्रस्ट द्वारा स्व. सेठ श्यामदास अग्रवाल की जयंती पर आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए.



**एक नजर में** जोबट ब्लॉक के शासकीय छात्रावासों में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया विधायक की मौजूदगी में हुई

# छात्रावास प्रवेश में मेरिट से होगा चयन, सिफारिश और पक्षपात बर्दाश्त नहीं : विधायक सेना पटेल

**आलीराजपुर। आदिम जाति कल्याण विभाग के तहत जोबट ब्लॉक के शासकीय छात्रावासों में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया सोमवार को विधायक महेश पटेल की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।**

विधायक सेना महेश पटेल ने कहा कि छात्रावास में प्रवेश पूरी तरह मेरिट और शासन के निर्धारित नियमों के आधार पर दिया जाएगा। किसी भी पात्र विद्यार्थी के साथ अन्याय नहीं होगा और न ही किसी प्रकार की सिफारिश या पक्षपात को स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनाथ एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को शासन के प्रावधानों के अनुसार प्राथमिकता दी गई है।



उन्होंने अधिकारियों और छात्रावास अधीक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ एवं सुरक्षित आवास, नियमित अध्ययन की सुविधा और अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्रावास से भोजन, सुरक्षा या अन्य व्यवस्थाओं को लेकर शिकायत मिली तो अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

> अधीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि छात्रावास आदिवासी अंचल के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। प्रवेश प्रक्रिया के बाद भी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलती रहें। इस दौरान अभिभावकों ने मेरिट आधारित और पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया की सराहना की।